# AGRICULTURE RESEARCH SUB STATION
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher,Distt. Deeg (Raj.) - 321201

Dr.Ramphool Puniya
Officer Incharge

Mobile No.: 9419256071, 7006932187
Email: incharge.arss.kumher@sknau.ac.in

No. F. /Estt./ARSS/K/2025/953-958 Dated: 20.09.2025

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर के फार्म पर 12.60 हेक्टेयर क्षेत्रफल की ढैंचा फसल की कटाई, फलियों की झड़ाई कर थ्रेसिंग के उपरान्त गोदाम तक पहुॅचाने के कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 06.10.2025 को सुबह 11:00 बजे तक निविदा प्रपत्र शुल्क रुपये 200 जमा कर प्राप्त की जा सकती है व निविदायें उसी दिन दोपहर 12:00 तक जमा करायी जायेगी व उसी दिन दोपहर बाद 01:00 बजे समिति द्वारा खोली जावेगी। धरोहर राशि के रुप में 5000/- रुपये नकद/UPI द्वारा कार्यालय में जमा करावें। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

**निविदा शर्तेः-**

1. प्रस्तावित निविदा प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर के नाम प्रेषित होनी चाहिये।
2. निविदा जमा कराते समय निविदा की धरोहर राशि रुपये 5000/- जमा करानी होगी।
3. फार्म प्रबंधक/प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार ढैंचा की कटाई कर फलियां झड़ाकर व उनकी थ्रेसिंग कर ढैंचा बीज को स्टोर में पहुॅचाना होगा।
4. कार्य समय पर नही करने पर ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी व अन्य कार्यवाही भी की सकती है।
5. ढैंचा झड़ाने के उपरान्त ढैंचा की लकडी सफल निविदादाता/ठेकेदार की होगी व ढैंचा लकडी को तुरन्त फील्ड से हटाना होगा, ताकि रबी फसलों हेतु फील्डों की तैयारी की जा सके।
6. लकडियॉ ले जाते समय या कटाई के समय किसी भी श्रमिक को कोई क्षति/दुर्घटना होती है तो इसका जिम्मेदार स्वयं ठेकेदार होगा।
7. फार्म बाउन्ड्री/गेट या किसी अन्य नुकसान होने की जिम्मेदारी ठेकेदार ही होगा व इसके अलावा हर्जाना वसूला जावेगा।
8. सफल निविदादता को रुपये 100 के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर सभी शर्तों के तहत कार्य करने की जिम्मेदारी लेनी होगी।
9. कटाई से थ्रेसिंग तक के दौरान कोई भी वस्तु/सामान यदि कार्यालय से लिया है, वह कार्यालय में जमा कराने के उपरान्त ही बिल भुगतान हेतु लिया जायेगा व प्रभारी अधिकारी के कार्य से संतुष्ट होने पर ही बिल भुगतान किया जायेगा।
10. ठेकेदार को सभी श्रमिकों का भुगतान कर प्रमाण पत्र देना होगा कि मैने सभी श्रमिकों का भुगतान कर दिया है। भुगतान हेतु कार्यालय से कोई अग्रिम राशि देय नही होगी।
11. प्रत्येक हेक्टेयर ढैंचा फसल की कटाई उपरान्त उस हेक्टेयर ढैंचा फसल की तुरन्त थ्रेसिंग करनी होगी।
12. ढैंचा फसल की ढुलाई एवं थ्रेसिंग हेतु ट्रेक्टर केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवा दिया जावेगा।
13. प्रत्येक निविदादाता को आधार कार्ड व पैन कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

प्रभारी अधिकारी

हस्ताक्षर निविदादाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां–अलवर
3. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त निविदा को विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
4. श्रीमान अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर को निवेदन है कि समिति सदस्यों को भेजकर कार्य सम्पन्न कराने का श्रम करावें।
5. समस्त समिति सदस्य 1. डॉ.राजकुमार मीना – संयोजक 2. डॉ.नवीनचंद पंत – सदस्य 3. श्री रमाकान्त – सदस्य 4. श्री राकेश कुमार सिंह – सदस्य
6. नोटिस बोर्ड पंचायत समिति/त.कार्यालय/के.वी.एस.एस. कुम्हेर
7. नोटिस बोर्ड ग्राम पंचायत बैलाराकलां, कुम्हेर

प्रभारी अधिकारी

निविदादाता द्वारा प्रस्तावित दर रुपये प्रति हैक्टेयर

| क्र. सं. | पार्टी/ठेकेदार का नाम | कार्य का विवरण | प्रस्तावित दर रुपये/प्रति हेक्टेयर |
|---|---|---|---|
| 1. | | ढैंचा कटाई, फलियॉ झडाकर थ्रेसिंग कर साफ करके गोदाम तक पहुँचाने का कार्य | |

हस्ताक्षर निविदादाता